Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi

**Discount Code TBC10**

Contact:

**Kunika Advrtising**

Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad

**Mo. 8130640000**

Year-14 issue- 06
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473



04 july to 10 july 2022
Postal Registration No.UP/GZB- 80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**Page 03** गाजियाबाद मंदिर का इतिहास ...



**Page 05** आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन ...



**Page 08** एमएमजी अस्पताल के टीबी ...



## TIRUPATIEYE

### यूपी बोर्ड के 10वीं-12वीं में इस साल से एनसीसी पाठ्यक्रम का विकल्प

टीबीसी न्यूज। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को 2022-23 शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) पाठ्यक्रम का विकल्प मिलेगा। बोर्ड ने पिछले साल कक्षा 9 व 11 में इसे वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया था। इससे पहले यह अतिरिक्त विषय के रूप में उपलब्ध था।

मान्यता की शर्तें तय नहीं होने से पिछले साल 11वीं के छात्र एनसीसी वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं ले सके थे, लेकिन कक्षा नौ के छात्रों ने एनसीसी का विकल्प चुना था। कुछ महीने पहले बोर्ड ने मान्यता की शर्तें भी तय कर दीं। 11वीं के बच्चे भी इसे ले सकेंगे। 2023 की बोर्ड परीक्षा में एनसीसी का अलग प्रश्नपत्र होगा। एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने को यूपी बोर्ड ने 9 फरवरी 2021 को राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा था। शासन ने इसे वैकल्पिक विषय बनाने का आदेश दिया है।

सेना समेत विभिन्न भर्तियों में वरीयताः एनसीसी वाले अभ्यर्थियों को सेना समेत केंद्र व राज्य की विभिन्न भर्तियों में वरीयता दी जाती है।अग्रसेन इंटर कॉलेज की एनसीसी इकाई के कैप्टन डॉ. विजयराज यादव के अनुसार यूपी बोर्ड से वैकल्पिक विषय के रूप में एनसीसी लेने वाले छात्रों को क्या लाभ मिलेगा, इसका निर्णय अभी सरकार को लेना बाकी है। वैकल्पिक विषय के रूप में लेने पर इसके नंबर अंकपत्र में जोड़े जाएंगे। हाईस्कूल के छात्र हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के साथ एनसीसी वैकल्पिक विषय के रूप में ले सकते हैं। 12वीं में साइंस और कॉमर्स के छात्र एनसीसी नहीं ले पाएंगे सिर्फ कला वर्ग के छात्र ही वैकल्पिक विषय के रूप में एनसीसी ले सकेंगे। जो छात्र अतिरिक्त विषय में एनसीसी लेते हैं उन्हें एनसीसी निदेशालय के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिलता है। प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्हें प्रमाणपत्र मिलता है।

### आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल ने 100 महिलाओं को बांटे निशुल्क सेनेटरीपैड

# निशुल्क सेनेटरी पैड देकर महिलाओं को किया जागरूक





**गाजियाबाद।** गौशाला रोड स्थित जिला महिला अस्पताल में बुधवार को आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन व रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल ने महिलाओं को सेनेरी पैड बांटे। बतौर मुख्य अतिथि डिसट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन डॉ ललित खन्ना की धर्मपत्नी नीलू खन्ना के साथ जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ संगीता और प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर मनीषा भार्गव व दीपाली गुप्ता ने सेनेटरी पैड वितरण शिविर की शुरुआत की। उन्होंने सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 100 महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटकर जागरूक किया। आरएचएएम सेनेटरी पैड बैंक ने 100 महिलाओं को करीब एक हजार पैकेट देकर लाभांवित किया। महिलाओं को सेनेटरी पैड देकर इस्तेमाल करने के तौर-तरीके भी बताएं। सीएमएस डॉ संगीता ने आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा हर महीने 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने की इस मुहिम की मंच से सराहना की।

### वसुंधरा में संचालित है सेनेटरी पैड बैंक

आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि वसुंधरा में आरएचएएम सेनेटरी पैड बैंक संचालित है। इसके माध्यम से गरीब व असहाय महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटते हैं और महिलाओं को बीमारी से बचाव के लिए जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है। आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से हर महीने 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे अन्य क्लबों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। डॉ भार्गव ने नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ललित खन्ना का स्वागत भी किया।

### सेनेटरी पैड वितरण में निभाई मुख्य भूमिका

आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन व रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रोटेरियन अशोक शर्मा, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुणिका भार्गव ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए आगे भी इसी तरह कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जोनल सेकेटरी दीपा गोयल, रो राखी रस्तौगी, जोनल सेकेटरी रो दीपा गर्ग, रो पंकज मित्तल, रो संजय गर्ग, रो दयानंद शर्मा, रो संजय गर्ग, यथार्थ शर्मा, राघवेंद्र सिंह चौहान, अभिषेक और महिला जिला चिकित्सालय की टीम आदि मौजूद रहे।

### यहां भी महिलाएं उठा रहीं सेनेटरी पैड का लाभ

दरअसल, महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सेनेटरी पैड बैंक की पांच शाखाएं ईस्ट दिल्ली, हापुड़, गाजियाबाद, पिलखुवा और ग्रेटर नोएडा में काम कर रही हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ हरियाणा के विभिन्न जिलों में भी महिलाओं को सेनेटरी पैड निशुल्क बांटे जा रहे हैं। इसके अलावा संस्था टीबी मुक्त अभियान में भी अपना पूरा सहयोग कर रही है। गाजियाबाद के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्र पर 500 बच्चों को गोद लेकर उन्हें न्यूट्रिशन फूड बांटा जा रहा है।

शेष पेज: 5

# सिटी फॉरेस्ट में दो हजार पौधे लगाकर रखरखाव का लिया संकल्प

गाजियाबाद। सिटी फॉरेस्ट पार्क में मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब गाजियाबाद रॉयल और इंटरेक्ट क्लब जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल ने वृक्षारोपण किया। सभी संस्थाओं ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नेतृत्व में दो हजार पौधे लगाकर उनके रखरखाव का संकल्प लिया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सांसद अनिल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रो अशोक अग्रवाल ने शिरकत की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण की इस मुहिम को बेहद जरूरी बताया। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के




बहिष्कार की अपील की। इस मौके पर गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट की अध्यक्ष रो दीपिका बाली, सचिव रो वरुण गौड, पूर्व मंत्री रो सतीश शर्मा, रो जोगिंदर सिंह, रो वीना श्रीवास्तव, रो सुरेंद्र शर्मा, रो यशमीत सिंह, रो एचके जोशी, रो अब्दुल वाजिद एवं रोटरी क्लब गाजियाबाद रॉयल के अध्यक्ष रो राहुल त्यागी, सचिव सविता त्यागी, रो नीलम त्यागी, रो डॉ शैलेंद्र मेघवानी तथा जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के इंटरेक्ट क्लब के पदाधिकारियों के साथ साथ स्कूल के शिक्षक अमित शर्मा, केके मिश्रा, जया गुप्ता, आकांक्षा भट्ट, आदि ने हिस्सा लिया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी इस अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग किया।

# जलभराव रोकने के लिए लोगों ने बनाई दीवार

**गाजियाबाद न्यूज।** हर्ष विहार से तुलसी निकेतन की तरफ आने वाले बारिश के पानी को रोकने के लिए बुधवार को स्थानीय निवासियों द्वारा दीवार बनाई गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के समय दिल्ली से बारिश का पानी तुलसीनिकेतन में आने से जलभराव हो जाता है। इससे कई दिनों तक लोगों को गंदगी का भी सामना करना पड़ता है।

इस दौरान लोगों ने जीडीए से दो स्थानों पर नाले की दीवार सही कराने की भी लोगों ने मांग की। तुलसी निकेतन कॉलोनी में सड़क, सीवर खस्ताहाल होने की वजह से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या रहती है। हल्की सी बारिश होने से जगह-जगह जलभराव की समस्या हो जाती है। पिछले सप्ताह हुई



मानसून की पहली बारिश में कॉलोनी के कई हिस्सों में जलभराव हो गया था। कुलदीप कसाना ने बताया कि दिल्ली के हर्ष विहार की तरफ से पानी आता है। जो तुलसी निकेतन में जमा हो जाता है। इससे लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके चलते बॉर्डर पर गली को बंद करा दिया गया है। स्थानीय निवासी पवन बब्बर ने बताया कि बारिश का पानी आने वाले प्वाइंट पर बेरीकेड लगाए गए। उसके बाद दीवार की चिनाई करा दी गई। वहीं सोम बाजार रोड पर नाला टूटा हुआ है, जबकि गगन विहार वाली तरफ नाले की दीवार टूटी हुई है।

इससे भी तुलसीनिकेतन में बारिश का पानी पहुंचता है। स्थानीय लोगों ने दोनों जगहों पर जीडीए से निर्माण कार्य कराने की मांग की है। जीडीए अधिशासी अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि स्थानीय निवासियों की समस्या को लेकर शिकायत मिली है। जल्द ही नाले की दीवार सही करा दिया जाएगा।

## वसुंधरा से अर्थला को जोड़ने के लिए मेट्रो विस्तार की मांग तेज

**गाजियाबाद न्यूज।** रोपवे प्रोजेक्ट के विरोध और मेट्रो विस्तार का आंदोलन अब वसुंधरा, इंदिरापुरम से अर्थला पहुंच गया है। बुधवार को स्थानीय निवासियों द्वारा अर्थला में मेट्रो विस्तार को लेकर बैठक हुई। इसके बाद अर्थला की गलियों में बैनर लगाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान लोगों ने पदयात्रा में शामिल होने की भी अपील की गई। रोपवे प्रोजेक्ट को जीडीए की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद से टीएचए के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से रोपवे प्रोजेक्ट रोकने और मेट्रो विस्तार की मांग कर रहे है। इसको लेकर कॉलोनी, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों संग बैठक की जा रही हैं। रोपवे प्रोजेक्ट रूकवाने को जगह-जगह प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

## नकली खाद बेचने वाला गिरफ्तार, 36 लाख का लगाया चूना

गाजियाबाद। जनपद में नकली खाद्य सामग्री बेचने वाले 36 लोगों पर अदालत ने 31,25, 000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं एक अप्रैल से अब तक 83 लोगों पर 58 लाख से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा चुका है। सहायक आयुक्त (खाद्य) विनीत कुमार ने बताया कि जून माह में कुल 198 खाद्य नमूने लिए गए। इनमें 46 नमूने दूध के थे। इसके साथ ही अन्य खाद्य सामग्री के साथ गलत ब्रांड व मानक के विपरित वाले मामले भी दर्ज किए गए। नमूने लेने के बाद सभी को जांच के लिए भेजा जाता है। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद संबंधित के खिलाफ एडीएम सिटी की अदालत में वाद दायर किया जाता है। जून माह में 36 लोगों के खिलाफ जारी वाद पर निर्णय हुआ। इन सभी पर 31,25, 000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें 50 हजार से लेकर ढाई लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया। विनीत कुमार के मुताबिक जिन व्यक्ति या फर्म पर जुर्माना लगाया गया उनसे इसकी वसूली का भी कार्य शुरू करा दिया गया है।

# रेलवे अंडरपास निर्माण के चलते दिल्ली अलीगढ़ रेल रूट पर कई ट्रेन लेट, लोग परेशान

**गाजियाबाद न्यूज।** गाजियाबाद में चिपियाना के पास दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर आरओबी का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां रेलवे की ओर से 12 जुलाई तक अलग-अलग समय पर ब्लॉक दिया गया है। इसके साथ ही जहां यह निर्माण कार्य चल रहा है वहीं ट्रेनों की गति भी निर्धारित की हुई है। इस कारण यहां से ट्रेन तेज गति से पास नहीं हो सकती।

इसके साथ ही खुर्जा में भी आरओबी निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों को वाया हापुड़ डायवर्ट किया गया है। साथ ही यहां भी गति पर कॉशन लगा है। इसके चलते यहां भी ट्रेनों की गति धीमी हो जा रही है। दो स्थानों पर गति धीमी होने के कारण गाजियाबाद स्टेशन पर ट्रेनें देरी से आ रही है। इस कारण यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मेल व एक्सप्रेस ट्रेन एक घंटे से भी ज्यादा देरी से आ रही है। यहीं आलम लोकल ट्रेनों का है। सुबह के समय अलीगढ रूट से आने वाले ईएमयू ट्रेन भी देरी से स्टेशन पहुंची। इस वजह से दैनिक यात्रियों को परेशानी हुई। यात्रियों की सुविधा के लिए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर स्वाचलित सीढ़ियां बनाई गई है। मंगलवार दोपहर यह सीढ़ियां बंद थी । इस कारण प्लेटफार्म पर आने जाने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे ज्यादा बुजुर्ग यात्रियों को दिक्कत हुई। यात्रियों का कहना है कि यहां सीढ़ियां अक्सर बंद हो जाती हैं। इतना ही नहीं स्टेशन के बाहर लगी सीढ़ियां कभी भी बंद कर दी जाती है। इससे यात्रियों को परेशानी होती है।



### ये ट्रेन आई देरी से

सत्याग्रह एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, ऊचांहार एक्सप्रेस, नोर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, भुज बरेली एक्सप्रेस, बरेली इंटर सिटी एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, बांद्रा ट्रमिनल एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, छतीसगढ़ एक्सप्रेस, नेताजी एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, लखनऊ स्वर्णशताब्दी, अलीगढ़ ईएमयू, खुर्जा ईएमयू, टूंडला अलीगढ़ ईएमयू।

# शिक्षक संकुल बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई चर्चा



**गाजियाबाद।** प्राथमिक विद्यालय फरुखनगर नंबर-1 में बुधवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत फरुखनगर के सभी शिक्षक संकुल एवं प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 1 और 2 के शिक्षकों की एक संयुक्त शिक्षक संकुल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ एआरपी मनीष कुमार शर्मा एवं एआरपी रेनू चौधरी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन कर किया। सर्वप्रथम शिक्षक सुधा देवी ने सभी शिक्षकों के साथ परिचय करवाया। एआरपी रेनू चौधरी ने निपुण भारत पर एवं उपचारात्मक शिक्षण पर तीव्र गति से चरणबद्ध रूप में कार्य करने का सुझाव दिया। उपचारात्मक शिक्षण किस प्रकार करना है, इसका एक विस्तृत प्रारूप रेनू चौधरी ने सभी शिक्षकों को बताया एवं मनीष शर्मा ने दीक्षा ऐप, रीड अलोंग ऐप, उपचारात्मक शिक्षण को प्रभावी करने की विधियों पर सुझाव दिए। एआरपी मनीष कुमार शर्मा ने बीएसए विनोद मिश्रा की अपेक्षाओं से सभी संकुलों एवं शिक्षकों को अवगत कराया।

# वृक्षारोपण महाअभियान में 7.50 लाख पौधे लगाए

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले में मंगलवार को युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसके तहत कुल 7.50 लाख पौधे लगाए गए। 1022 स्थानों पर पहले ही गड्ढे खोद दिए गए थे। नोडल अधिकारी अपर आयुक्त मेरठ मण्डल चैत्रा वी. की देखरेख में पूरे जिले में पौधारोपित किये गए। हर पौधे की जिओ टैगिंग की गई है। ताकि पौधों की स्थिति पर नजर रखी जा सकें।



पौधारोपण में 24 विभाग के साथ गैर सरकारी संस्थाएं, सिविल डिफेंस, रोटरी, लॉयन्स क्लब, व्यापार मंडल, आरडब्ल्यूए ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोविंदपुरम स्थित 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ परिसर में नोडल अधिकारी चैत्रा वी. के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, डीएम राकेश कुमार सिंह, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, कमांडेंट एनडीआरएफ प्रवीण कुमार त्यागी, डीएफओ प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर विनय सिंह के अलावा एसडीएम शाल्वी अग्रवाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए पीएन दीक्षित, एसडीओ आशुतोष पांडे, अपर जिला सूचना अधिकारी गौरव दयाल ने पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर वीके सिंह ने सुभाष सरोवर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में वृक्षों को लगाने के साथ उसका संरक्षण करने पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को दिए लक्ष्य के सापेक्ष आज 7.50 लाख से भी अधिक पौधे रोपित किए गए। सिटी फॉरेस्ट राज नगर एक्सटेंशन में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, भनेड़ा खुर्द (लोनी) में जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, राममनोहर लोहिया पार्क राजेंद्र नगर में विधायक सुनील कुमार शर्मा, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, भटजन पलौटा ग्राम पंचायत में विधायक मंजू शिवाच ने पौधे रोपित किए।

# गाजियाबाद मंदिर का इतिहास, रावण के पिता ने भी की थी भगवान शिव की आराधना

गाजियाबाद। दूधेश्वरनाथ मंदिर का इतिहास लंकापति रावण काल से जुड़ा है। भारतीय पुराणों और वेदशास्त्रों में भी मंदिर की महिमा को उल्लेखित किया गया है। रावण के पिता ने भी इस मंदिर में कठोर तप किया था। मान्यता है कि अगर श्रद्धालु सच्चे दिल से मंदिर में आकर भगवान शिव की आराधना करता है तो उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। हर साल फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि पर मंदिर में विशेष आयोजन किए जाते हैं। दूर-दराज से आकर लोग भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रहती है। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से मंदिर की निगरानी की जाती है। हर साल कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां भी मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आती हैं।

**गाय के थनों से दूध निकलने से हुआ था शिवलिंग का जलाभिषेक**

गाजियाबाद पांच ग्रामों की भूमि पर बसा है। इसमें कैलाश, जटवाड़ा सराय, महमां सराय, नासिरपुर व बोंझा था। लेकिन कैलाश का नाम कैला के नाम से विख्यात हो गया। मंदिर के संबंध में पौराणिक कथा है कि बीहड़ जंगल के एक टीले पर कैला गांव की गाय चरने जाती थी। संध्या के समय जब चरवाहे गायें को वापस लाते थे तब वह दूध नहीं देती थी। ग्रामीणों ने ग्वालों पर गायों का दूध चोरी करने का इल्जाम लगाया था, ग्वालों ने इसी निगरानी की। टीले के पास पता चला कि वहां जब गाय चरती थी उनके थनों से स्वतः ही दूध बहने लगता था। गांव वालों को जब इस बात का पता चला तो सब अचंभित हो गए। ग्रामीणों ने देव स्थल जानकर उस जगह की खुदाई की तो जमीन क नीचे अदभूत शिवलिंग व जलहरी के दर्शन हुए। गायों के दूध से शिवलिंग का जलाभिषेक होने के कारण



मंदिर का नाम दूधेश्वरनाथ पड़ गया।

**मंदिर प्रांगण में बना है चमत्कारी कुआं**

उस समय जलहरी की खुदाई पर दिव्य कुआं निकला, जिसका पानी कभी खारा तो कभी गंगाजल की तरह स्वादिष्ट हो जाता है। कभी दूध सा सफेद हो जाता है। इस चमत्कार को देखकर सब हतप्रभ रह गए। फिलहाल, कुए के चारों तरफ लोहे का जाल लगा दिया गया है। मंदिर की खास बात यह है कि मंदिर का द्वार एक ही पत्थर को तराश कर बनाया गया है। दरवाजे के बीच में भगवान श्रीगणेश विद्यमान हैं, जिन्हें उसी पत्थर को तराश कर बनाया गया है, जो सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करता है।

**छत्रपति शिवाजी ने कराया था मंदिर का जीर्णोद्धार**

दूधेश्वर नाथ मंदिर रावण व उसके पिता द्वारा पूजित है। वहीं, छत्रपति वीर शिवाजी ने भी इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया है। पुराणों के मुताबिक कभी बीहड़ जंगल में बना यह मंदिर भगवान ब्रह्मा की पुत्री हरनंदी नदी के किनारे था, मंदिर के पास नदी का बहना एक अदभूत नजारा था । हालांकिं, यह नदी अब हिंडन नदी कहलाती है। हालांकि मंदिर आज घनी आबादी के बीच स्थित है और हरनंदी भी सिकुड़ कर मंदिर से करीब डेढ़ से दो किमी दूर पहुंच गई है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक नदी के किनारे हिरण्यगर्थ ज्योतिलिंग का वर्णन मिलता है, जो जमीन से करीब साढ़े तीन फीट नीचे स्थापित स्वयंभू दिव्य शिवलिंग है। जहां पर पुलस्तय के पुत्र व रावण के पिता विश्रवा ने भी कठोर तपस्या की थी। काशी में भगवान शिव विश्वेसर कहलाते हैं और यहां महर्षि विश्वेश्रवा ने कैलाश बनाया, जो कैलाश नाम से प्रसिद्ध हुआ। फिलहाल, इसका नाम कैला भट्टा हो गया। मंदिर में आज भी दूर-दराज से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। शिवरात्रि और महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना होती है और लाखों श्रद्धालु भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते हैं। हर साल सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ड्रोन कैमरे से मंदिर की निगरानी होती है। यहीं नहीं राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ जैसे कई बड़े राजनेता भी अक्सर मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए आते रहते हैं। पौराणिक कथाओं के मुताबिक रावण के गांव बिसरख से एक गुफा सीधे मंदिर पर आकर निकलती थी। रावण अक्सर उसी गुफा के जरिए मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए आया करता था। जैसे जैसे नदी सिकुड़ी तो सुरंग भी अदृश्य हो गई।

**552 सालों से चल रही है महंत परम्परा**

मंदिर में करीब साढ़े पांच सौ सालों से महंत परम्परा चल रही है। मंदिर प्रांगण में भी संतों की समाधि बनी हुई हैं। फिलहाल, श्री 1008 श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज मंदिर के सोलहवें महंत हैं। इससे पहले वेणी गिरि, सन्धा गिरि, प्रेम गिरि, अधीन गिरि, राज गिरि, धनी गिरि, दया गिरि, पलटू गिरि, सोमवार गिरि, वसंत गिरि, निहाल गिरि, मंगल गिरि, शिव गिरि, गौरी गिरि और श्री महंत गौरी गिरि मंदिर के महंत रह चुके हैं। मंदिर में प्रांगण में इन संतों की समाधि बनी हुई हैं, जिनकी लोग पूजा अर्चना करते हैं। यहीं नहीं मंदिर में धूना भी जलता है। इसे कलयुग में भगवान के प्रकट होने का प्रतीक भी माना जाता है। मंदिर में भगवान शिव के अर्दनारीश्वर स्वरूप की बहुत ही भव्य प्रतिमा भी लगी हुई है। वहीं, भगवान के दर्शन करने के लिए जो श्रद्धालु आते हैं उनका कहना है कि जो शांति व सुकून मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन करके मिलता है वह दूसरी जगह पर कहीं नहीं मिलता है।

## धोबीघाट आरओबी की सड़क निर्माण में बाधक बन रहे पेड़

**गाजियाबाद।** लाइनपार क्षेत्र के दस लाख लोगों को मुख्य शहर से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे धोबीघाट आरओबी की सड़क निर्माण में चार पेड बाधा बने हैं। निर्माण कंपनी ने रेलवे प्रशासन से इन पेड को कटवाकर सड़क निर्माण के लिए रास्ता साफ कराने की मांग की है। धोबीघाट आरओबी के लिए रेलवे स्टेशन से मुख्य शहर की ओर चौधरी मोड तक सड़क सड़क बननी है। जहां सड़क बननी है उस रास्ते में चार बडे पेड़ आ रहे हैं। इन पेड को काटना आसान नहीं है।

छायादार व फलदार यह पेड काफी पुराने व बड़े हैं। इन पेड़ के कटने के बाद ही सड़क निर्माण का कार्य आगे बढ़ सकता है। इसके लिए आरओबी निर्माण कंपनी ने रेलवे को पत्र लिखकर इन पेडों को हटवाने की मांग की है रेलवे विभागीय सूत्रों के मुताबिक इन पेड को काटने के लिए वन विभाग से इजाजत मांगी गई है। वन विभाग पेड़ की उम्र, लंबाई व चौडाई की नाप करने के बाद फैसला करता है कि काटे जाने वाले पेड़ के एवज में कितने पेड़ लगाए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी बताना होता है कि यह पेड कहां लगेंगे। रेलवे की ओर से वन विभाग को काटे जाने वाले पेड़ों के एवज में लगाने जाने वाले पेडों की जमीन भी बता दी गई है। लेकिन अभी तक वन विभाग की ओर से इन पेड़ को काटने की इजाजत नहीं दी गई है। जब तक पेड नहीं कटेंगे तब तक सड़क निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ सकता।

रेलवे स्टेशन से चौधरी मोड़ की ओर वाली सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मार्किंग करने के बाद गिट्टी डाल दी गई है। इस बीच कई बड़े पेड़ आ रहे है। इन पेड को हटवाने की मांग की गई है। उसके बाद ही ठीक प्रकार से सड़क बन सकेगी।

## भू-माफिया की करोडों की संपत्ति कुर्क

**गाजियाबाद न्यूज।** साहिबाबाद में एक संपत्ति को कई बार बेचकर लोगों से मोटी धनराशि ऐंठने वाले भूमाफिया की श्याम पार्क एक्सटेंशन में करीब पांच करोड़ की संपत्ति बुधवार को पुलिस ने जब्त की। भूमाफिया फर्जी तरीके से संपत्ति के पेपर तैयार कराता था। पुलिस ने लगातार शिकायतें पहुंचने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति जब्ती की कार्रवाई की। भूमाफिया धनपाल निवासी इडब्लूएस नीलकंठ अपार्टमेंट रामप्रस्थ कालोनी थाना लिंकरोड ने निधि बिल्डर के नाम से फर्म बनाई हुई है। यह फर्म के माध्यम से फ्लैट निर्माण, फ्लैट, प्लाट व जमीन की रजिस्ट्री धोखाधड़ी से करता था। फर्जी कागजों की मदद से एक संपत्ति को कई बार बेच देता था। लोगों से मोटा पैसा ऐंठ लेता था। कई लोगों को नए प्रोजेक्ट का झांसा देकर दो बार मोटी धनराशि ऐंठ लेता।

## कोरोना मरीजों को आक्सीजन देने के बाद इंदिरापुरम गुरुद्वारा अब गर्भवती महिलाओं की कर रहा देखभाल

गाजियाबाद न्यूज। कोरोना मरीजों को ऑक्सीजन देकर चर्चा में आए इंदिरापुरम गुरुद्वारा अब गर्भवती महिलाओं की देखभाल में जुटा है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार से लेकर जांच तक निशुल्क कराई जा रही है। जिससे मां और बच्चा दोनों स्वस्थ्य रहे। मौजूदा समय में 18 गर्भवती महिलाएं डॉक्टर की निगरानी में हैं। बच्चे के जन्म के बाद तीन माह तक मां और बच्चा डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। वहीं, आठ साल तक बच्चे को समय-समय पर लगने वाली वैक्सीन गुरुद्वारा द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

इंदिरापुरम गुरुद्वारा के प्रधान गुरप्रीत सिंह रम्मी ने गर्भवती महिलाओं की देखभाल करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को डॉक्टरों की टीम द्वारा देखभाल की जा रही है। इसमें डॉक्टर गर्भवती महिलाओं के खानपान से लेकर बच्चे के जन्म होने के बाद तक सभी तरह की देखभाल करते हैं। इसके लिए 14 लोगों की एक टीम बनाई गई है। जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ, नर्स सहित देखभाल करने वाले लोग है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना गोयल और डॉ मंजू झा द्वारा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर इनका खान-पान के साथ रहन सहन भी ध्यान दिया जा रहा है। जिससे जन्म के दौरान



इंदिरापुरम गुरुद्वारा के प्रधान गुरप्रीत सिंह रम्मी ने गर्भवती महिलाओं की देखभाल करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है।जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को डॉक्टरों की टीम द्वारा देखभाल की जा रही है।इसमें डॉक्टर गर्भवती महिलाओं के खानपान से लेकर बच्चे के जन्म होने के बाद तक सभी तरह की देखभाल करते हैं।

बच्चा और मां दोनों स्वस्थ रहे। दो माह से छह माह की गर्भवती महिला की हो रही निगरानी- डॉ. गौरव ने बताया कि दो माह पहले शुरू हुए कार्यक्रम में दो माह से लेकर छह माह तक की कुल 18 गर्भवती महिलाएं हैं।

इनमें से एक आठ माह की भी गर्भवती महिला है। जिसकी देखभाल की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी 24 परिवार के लोग संपर्क कर रहे है। इसके लिए टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है। जांच पूरा होने के बाद इनकी भी देखभाल की जाएगी।

गुरुद्वारा द्वारा गर्भवती महिलाओं को देर रात किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना हो इसके लिए आपातकाल नंबर जारी किया गया है। आपातकाल नंबर 9716684684 है। जिस पर किसी भी समय गर्भवती महिला द्वारा फोन करके मदद ली जा सकती है।

## *Editorial*

### Blaring red: On the Udaipur killing

The Udaipur killing marks a turn for the worse in the communal situation. The gruesome killing of Kanhaiya Lal in Udaipur in Rajasthan by two persons who have apparently acted in defence of their Islamic faith has, far from offering any reassurance to their community, made it even more vulnerable. The manner in which the violence was captured on camera and circulated, the premeditated nature of the murder itself, and the celebration that followed — all point to the peak of a communal volcano that India has climbed up through a relentless campaign of political parties and a cohort of pathetically irresponsible television anchors. The Rajasthan police have acted with alacrity and arrested the criminals, whose trial and punishment must be quick and exemplary. The State deserves credit for swift action, although the police should have been alive to the threat faced by Kanhaiya Lal. Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot who has noted the deteriorating situation, of communal hostility, in several parts of the country has requested Prime Minister Narendra Modi to issue an appeal for peace. The Bharatiya Janata Party (BJP), on the contrary, has accused the Congress in Rajasthan of appeasement of a community — in a reference to Muslims, who are at the receiving end of police violence and discriminatory policy at the national level and in many States. The Udaipur killing marks a major turn in the communal situation in India, and could potentially trigger more such violence.

No violence can be condoned; sadly, in India, some of the arms of the state are among the perpetrators. The clamour from BJP followers for collective punishment of Muslims — which the party's governments in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Assam, for instance, are doing anyway — has become louder, aided by the party's official policy, following the Udaipur killing.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# Rohit Sharma kickstarts net practice after testing negative for COVID-19 ahead of England white-ball series



Team India fans breathed a great sigh of relief after all-format captain Rohit Sharma returned to the nets for the upcoming white-ball series against hosts England on Sunday. One of the finest opening batters across all formats, veteran opener Rohit had missed the Test series decider between India and hosts England at Edgbaston. Nicknamed the Hitman, the star batter of the Asian giants had tested positive for COVID-19 amid India's practice match against the Leicestershire County Cricket Club last month.

The senior batter tested COVID positive in a Rapid Antigen Test (RAT) which eventually ruled him out of the rescheduled 5th Test match between India and England. Pace ace Jasprit Bumrah was appointed the leader of the Rohit-less India side for the Test series decider in Birmingham. As per the latest developments, Rohit has successfully recovered from COVID-19 and the Indian skipper is also out of isolation.

The 35-year-old was seen warming up for the white-ball series against England on Sunday. The white-ball maverick enjoyed a fruitful net session at the Team India camp in the build-up to the T20I series opener between India and hosts England. On a day when Rohit was spotted hitting the nets for India, the second-string side of the visitors squared off against Northamptonshire at the County Ground, Northampton. Star pacer Harshal Patel played a stellar knock of 54 off 36 balls to help India secure 10-run win over Northamptonshire in the second and final warm-up match on Sunday. Earlier, the Rohit-less side had defeated Derbyshire by seven wickets. After playing two warm-up matches in their ongoing tour to the United Kingdom (UK), Team India will play the T20I series opener under the leadership of skipper Rohit. India will play three T20Is and as many One Day Internationals (ODIs) with hosts England. Rohit-led India will miss the services of Virat Kohli and Jasprit Bumrah in the 1st T20I which is scheduled to take place at The Rose Bowl on Thursday.




## Women's Hockey World Cup 2022: India play out thrilling 1-1 draw against England in tournament opener



The Indian Women's Hockey Team and England produced a high-voltage campaign opener in their Pool B match here at the prestigious FIH Women's Hockey World Cup Spain and Netherlands in the packed Wenger Hockey Stadium, Amstelveen on Sunday, which ended in a 1-1 draw.

Goals were scored by Isabelle Petter (9') and Vandana Katariya (28') as they helped their respective teams add on a crucial point on the pool table.

Both teams got off to a rollicking start pushing each other for ball possession and creating space in each other's circle. England drew the first blood when their striker took a fierce shot on goal but an alert Savita averted early danger with a diving save only minutes into the first quarter.But England were successful in their second attempt when their experienced player Lily Owsley with a total of 182 international caps, set up Isabelle Petter with a fine assist. Petter sent the ball high, pocketing the top of the net to fetch England that much-needed 1-0 lead in the 9th minute to put pressure on India.

Determined to stay on-par with England in the game, India kept their calm and worked on their strategy to create chances in the circle. They were awarded a PC in the following minutes, but missed the goal by a margin as Gurjit Kaur's dragflick bounced off the goal post. Despite missing out on a goal, India remained patient in their approach, building on a good structure and when they were awarded a PC for foot-foul in the 28th minute, experienced striker Vandana Katariya picked up a splendid rebound off England goalie Maddie Hinge's pads after Monika had taken a shot from the PC. She deflected the ball perfectly past Hinge to earn India the equaliser and keep the game open in the second half of the match.

# समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव ने जन्मदिन पर बांके बिहारी के दर्शन कर लिया आर्शीवाद





गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-12 में रहने वाले समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव का 4 जुलाई सोमवार को 58 वां जन्मदिन मनाया गया। डॉ भार्गव अपनी धर्मपत्नी मनीषा भार्गव के साथ वृंदावन बांके बिहारी पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना कर ठाकुर जी का आर्शीवाद लिया। उनकी धर्मपत्नी मनीषा भार्गव ने भी डॉ भार्गव की लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर जरूरतमंद लोगों को फल व मिष्ठान भी बांटा गया।

समाजसेवी डॉ धीरज कुमार के शुभचिंतकों ने भी उन्हें फोन पर जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। इसके बाद डॉ धीरज कुमार भार्गव ने फैमिली के साथ गाजियाबाद स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन किए। यहां मंदिर के महंत नारायण गिरी महाराज के चरण स्पर्श कर उनसे आर्शीवाद लिया। मंदिर के महंत ने डॉ भार्गव की ओर से समाज हित में कराए जा रहे कार्यो की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था या व्यक्ति हो अगर वह समाज व राष्ट्र के हित में समर्पित होकर काम करता है तो उसका कल्याण संभव है। डॉ धीरज कुमार भार्गव ने मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों को प्रसाद बांटा और अन्य साधु-संतों क भी आर्शीवाद लिया। वहीं, डॉ भार्गव ने जन्मदिन की बधाई देने वाले सभी शुभ चिंतकों का आभार व्यक्त जताया। डॉ भार्गव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए हमारी संस्था की ओर से जो कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं उनका दायरा बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन और रोटरी क्लब की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। डॉ भार्गव ने कहा कि अगर कोई जरूरतमंद है तो उसको हमारी तरफ से हर संभव मदद की पूरी कोशिश की जाएगी।

## शिक्षा से शिखर संस्था ने योग करो निरोग रहो का दिया संदेश

**गाजियाबाद**। वसुंधरा सेक्टर-6 में शिक्षा से शिखर तक एनजीओ ने बच्चों को योग सिखाया। उन्होंने योग करो निरोग रहो का संदेश देते हुए सभी बच्चो को शिक्षाधार से निरन्तर जोड़ने रखने के साथ अपनी भारतीय संस्कृति की पहचान करने की शिक्षा दी। इस मौके पर बच्चों को टीशर्ट वितरित की गई। संस्था की अध्यक्ष रजनी जोशी ने बताया कि जिन बच्चो को समाज से अलग-थलग कर दिया जाता था संस्था द्वारा निरन्तर 2015 से पुनः उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास मे हम सफल रहे हैं। हमारी संस्था बच्चो को प्रार्थमिक शिक्षा के लिए तैयार करके उन्हें स्कूल भेजने का काम कर रही है। रजनी जोशी ने बताया कि 2015 से उनकी इस मुहिम से कई संस्थान भी अब बच्चों की शिक्षा के लिए खुलकर सामाजिक कार्यो मे बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं औऱ इसी तरह से यदि रफ्तार रही तो जल्द देश अशिक्षा से मुक्त हो जायेगा।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर साइकिल राइड कर मोटीवेट करने उतरे आयरनमैन विक्रम देव



**गाजियाबाद न्यूज**। मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर आयरनमैन विक्रम देव डोगरा ने सेव प्लेनेट का संदेश देने के लिए जमकर पसीना बहाया। भारतीय फौज में 38 सालों की सेवाओं का अनुभव रखने वाले आर्मी मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा ने 100 किमी साइकल राइड कर सेव प्लेनेट का मैसेज दिया। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे की 100 किमी की दूरी को उन्होंने 2 घंटा 54 मिनट में पूरा किया है।

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे का 100 किमी का सफर इन्होंने साइकिल से 2.54 मिनट में पूरा किया है। 34.3 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से साइकलिंग की है। इस गोल को अचीव करने के लिए पिछले 15 दिनों से मेहनत कर रहे थे। 15 दिनों तक लगातार साइकिल चलाकर अभ्यास किया। मोटिवेटर, टेडएक्स स्पीकर विक्रम देव डोगरा भारतीय फौज में फर्स्ट सर्विंग आर्मी ऑफिसर रहे हैं। 2018 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अतिविशिष्ट सेवा मेडल का सम्मान प्रदान किया।

विक्रम डोगरा कहते हैं अपने शौक के साथ एक संदेश को जोड़ लिया जाए तो मजा बढ़ जाता है। मैं फिटनेस फ्रीक हूं। नेचर लवर हूं। काफी दिनों से प्लान था कि लंबे सफर गाड़ियों पर नहीं साइकिल से तय करुं। इसलिए एक्सप्रेस वे घूमने का प्लान बनाया। नेचर लवर हूं इसलिए अपने प्लान को सेव प्लेनेट सेव अर्थ से जोड़ दिया। सफर के दौरान लोगों को संदेश दिया पर्यावरण बचाएं।

विक्रम डोगरा कहते हैं हम फिट हैं तो हिट हैं की बात करते हैं। प्रदूषण से हमारी धरती जल रही है। हवा, पानी सब खराब हो चुका है। हवा, खुराक हर चीज में शुद्धता के लिए हमें दोबारा नेचर से जुड़ना होगा। पर्यावरण से जुड़ने के लिए धुआं, प्रदूषण को कम करना होगा। इसलिए साइकिल ट्रेवलिंग का बेस्ट ऑप्शन है। एक इंसान रोजाना 5 किमी साइकिल राइड करके फिट रह सकता है।

गाडियों की जगह हम जितना ज्यादा साइकिल यूज करेंगे हवा को जहरीला होने से बचाएंगे। साइकिल राइड के जरिए पर्यावरण संरक्षण, सेव अर्थ सेव प्लेनेट का संदेश देने वाले विक्रम डोगरा कहते हैं हम भारतीय अपनी हवा, पानी का महत्व कब समझेंगे। प्रकृति है इसे हमें बचाना है। हम विदेशियों से उनका खानपान, पहनावा, सभ्यता सीख रहे हैं। यह भी सीखें कि वो अपने पर्यावरण के प्रति कितने गंभीर है। विदेशों में लोग साइकिल से चलते हैं, गाडियों का इस्तेमाल कम है। ये बात भी हमें सीखनी होगी।

## आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल ने 100 महिलाओं को बांटे निशुल्क सेनेटरीपैड





गाजियाबाद। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन ललित खन्ना की धर्मपत्नी नीलू खन्ना ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर महिलाओं के उत्थान के लिए एक अच्छा कार्य कर रहे हैं। दूसरे एनजीओ को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को सेनेटरी पैड देकर उन्हें बीमारी से बचाव के लिए भी अच्छी शुरुआत है। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मनीषा भार्गव और दिपाली गुप्ता ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि पैड्स, भारी प्रवाह को अवशोषित करने की क्षमता रखते हैं और कई बीमारियों से बचाव के लिए यह महिलाओं की पहली पसंद होते हैं। उन्होंने महिलाओं को बताया कि किस तरह सेनेटरी पैड का इस्तेमाल किया जाता है और कुछ सावधानी नहीं बरते जाने पर क्या नुकसान हो सकता है आदि की जानकारी दी।

## अनाधिकृत कालोनियों में चला निगर निगम का बुल्डोजर

**गाजियाबाद**। मोदीनगर के कादराबाद क्षेत्र में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कादराबाद में 3 अवैध कॉलोनियों में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान अनाधिकृत ऑफिस और सड़क को ध्वस्त कर दिया गया।

मोदीनगर के कादराबाद क्षेत्र में 25,450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित अनाधिकृत कॉलोनियों में जीडीए के प्रवर्तन दल ने कार्रवाई की है। बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए वहां निर्माण कराया जा रहा था। डीएम एवं जीडीए के कार्यवाहक उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के आदेश पर मंगलवार को यह बड़ी कार्रवाई की गई।

जीडीए प्रवर्तन जोन-2 की प्रभारी एवं ओएसडी गुंजा सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता (एई) अनिल कछाडिय़ा, अवर अभियंता योगेंद्र कुमार, सुनील कुमार, केपी यादव, बिजेंद्र पुंडीर एवं जीडीए पुलिस, मोदीनगर थाना पुलिस एवं भोजपुर पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जीडीए ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि किसी भी सूरत में अनाधिकृत कॉलोनी एवं अवैध निर्माण क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा।



## कॉन्ट्रोवर्शियल शो 'बिग बॉस ओटीटी' का दूसरा सीजन होस्ट नहीं करेंगे एक्टर

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह के 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' होस्ट करने की हाल ही में अफवाहें आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब एक्टर शो का दूसरा सीजन होस्ट नहीं करेंगे। बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन करण जौहर ने होस्ट किया था। करण से शो के लिए डेट्स न मिल पाने की वजह से मेकर्स ने रणवीर का नाम होस्ट के लिए फाइनल किया था।

**'बिग बॉस ओटीटी' का सीजन 2 होस्ट नहीं करेंगे रणवीर**

रणवीर के शो होस्ट करने को लेकर एक करीबी सूत्र ने बताया, यह खबर बिलकुल भी सच नहीं है। यह फेक्ट चेक नहीं किया गया है और इस बारे में कुछ भी बात नहीं हुई है। रणवीर फिलहाल अपनी फिल्मों की कमिटमेंट्स को लेकर काफी बिजी चल रहे हैं। एक्टर जल्द ही कई एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू करेंगे, जिनकी कुछ समय में अनाउंसमेंट की जाएगी।

**मेकर्स ने होस्ट के लिए फाइनल किया था रणवीर का नाम**

इससे पहले रिपोर्ट्स में कहा गया था कि मेकर्स जल्द ही दूसरे सीजन की अनाउंसमेंट करेंगे। इसके होस्ट के लिए उन्होंने रणवीर सिंह को फाइनल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ‡मेकर्स ने बिग बॉस ओटीटी के दूसरे सीजन पर काम करना शुरू कर दिया है। करण जौहर के पास वक्त न होने की वजह से मेकर्स ने रणवीर सिंह को होस्ट के लिए चुना है। रणवीर इससे पहले भी चैनल के लिए एक रियलिटी शो में काम कर चुके हैं।

**5 कंटेस्टेंट से 3 का नाम हुआ फाइनल**

शो के दूसरे सीजन में पांच कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे, जिनमें से तीन का नाम फाइनल हो चुका है। टीवी एक्ट्रेस कांची सिंह, महेश शेट्टी और पूजा गौर के नाम पर मुहर लग चुकी है। सूत्र ने यह भी बताया कि मेकर्स ने दो और कंटेस्टेंट्स के लिए पूनम पांडे और संभावना सेठ को अप्रोच किया है, लेकिन एक्ट्रेसेस ने अभी तक इसके लिए हामी नहीं भरी है। बता दें, पहले सीजन की विनर दिव्या अग्रवाल बनी थीं, वहीं निशांत भट्ट फर्स्ट रनर अप रहे थे।

## सफेद बालों को न करें नजर अंदाज

फेद बालों को लोग अक्सर अपनी खराब होती खूबसूरती या बुढ़ापे से जोड़ कर देखते हैं। पर हाल ही में आए शोध की मानें, तो जितना आप इसे हल्का ले रहे हैं, उतनी हल्की बात ये है नहीं। दरअसल बालों का सफेद होना दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियां का संकेत हो सकती हैं। यह शोध बताता है कि सफेद बाल लोगों में हृदय रोगों के उच्च जोखिम से जुड़ा हुआ है। दरअसल स्पेन में हुई यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी (म्नतवचमंदं'वबपमजल व बिकपवसवहल) की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत एक अध्ययन के प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि सफेद बाल हाई कोरोनरी धमनी रोगों (बवतवदंतल 'तजमतल कपेमेंमे) से जुड़ी होती है, जो प्लाक बिल्ड-अप द्वारा ट्रिगर होती हैं। वहीं ये दिल से जुड़ी ऐसी कई बीमारियों का भी गंभीर संकेत हैं, तो आइए जानते हैं इस शोध को विस्तार से।



● **क्या कहता है ये शोध?** यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के द्वारा किए गए इस अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने 42 से 64 वर्ष की आयु वर्ग में 545 वयस्क पुरुषों के साथ एक सर्वेक्षण किया। अध्ययन के प्रतिभागियों को ग्रे बालों की मात्रा के आधार पर तीन समूहों में विभाजित किया गया था। जैसे कि शुद्ध काले बालों वाले लोगों को अलग समूहों में, फिर शुद्ध सफेद और ग्रे बालों को एक अलग समूहों में। सर्वेक्षण में पता चला कि जिन लोगों के 80 प्रतिशत बाल सफेद थे, उनमें हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा ज्यादा था। शोध बताता है कि यह प्राकृतिक या अस्वास्थ्यकर होने का एक बड़ा संकते है। इस शोध में कहा गया है कि उम्र बढ़ने से सेलुलर गिरावट, प्रणालीगत सूजन, हार्मोनल परिवर्तन और डीएनए कार्य खराब होता चला जाता है। ● **उम्र बढ़ने का कोई भी रूप संभवतः** आपके हृदय रोगों की चपेट में आ सकता है हालांकि, सफेद बालों और दिल के जोखिमों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए आगे के शोध की आवश्यकता है। सफेद बालों की ही तरह दिल से जुड़ी बीमारियों के कुछ अन्य अप्रत्याशित संकेत भी होते हैं। दिल की बीमारियों के अप्रत्याशित संकेत- सीने में दर्द हृदय संबंधी बीमारी का सबसे आम संकेत है। हालांकि, आपके शरीर के संकेतों के बहुत ही आश्चर्यजनक तरीके हैं जिससे आप जान सकते हैं कि आपकी दिल सही से काम नहीं कर रहा है। दुर्भाग्य से, हम उनमें से ज्यादातर से अनजान हैं। जैसे कि खर्राटे लेना। यह एक नींद से संबंधित समस्या का लक्षण है, जिसे प्राकृतिक श्वास में ठहराव यानी स्लीप एपनिया के रूप में जाना जाता है। यह स्थिति कुछ शारीरिक परिवर्तनों को ट्रिगर करती है जिसके परिणामस्वरूप उच्च रक्तचाप, खराब रक्त प्रवाह और हृदय पर तनाव होता है।

## सेलेस्टी बैरागे बोलीं- मैं आलिया नहीं; खुद की अलग पहचान बनाना चाहती हूं

आमतौर पर कि सी बड़े सेलिब्रिटी का हमशक्ल होना अच्छा माना जाता है। लेकिन मुंबई की एक लड़की खुद के आलिया की तरह दिखने वाले अपने चेहरे से परेशान हो गई है। अब उन्होंने कहा है कि वो आलिया नहीं हैं और खुद की अलग पहचान बनाना चाहती हैं। हालांकि आलिया की हमशक्ल का यह भी कहना है कि वो अलिया को पसंद करती हैं और उनकी ही तरह एक्ट्रेस बनना चाहती हैं।

**आलिया से अलग इमेज बनाना चाहती हूं'**

मुंबई की रहने वाली सेलेस्टी बैरागे काफी हद तक आलिया जैसी दिखती हैं। उन्हें देख कर कोई भी कनफ्यूज हो सकता है। सेलेस्टी ने फोटो ब्लॉग 'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे' के साथ अपनी कहानी शेयर की है। उनका कहना है कि वो आलिया को पसंद जरूर करती हैं। लेकिन वो आलिया के नाम से इतर अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

**लोग बोले-ये तो बिलकुल आलिया है**

'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे' के इंस्टाग्राम पोस्ट पर लोग सेलेस्टी बैरागे की फोटो देख कर हैरान हो रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'ये तो बिलकुल आलिया है।' दूसरे यूजर ने सेलेस्टी बैरागे की मुस्कान को बिलकुल आलिया की तरह बताया।

**एक्ट्रेस बनना चाहती हैं सेलेस्टी बैरागे**

सेलेस्टी बैरागे का सपना आलिया की तरह हमेशा मुस्कुराती रहने वाली एक्ट्रेस बनने का है। सेलेस्टी फिलहाल टीवी इंडस्ट्री में जगह बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। आगे उनका सपना बॉलीवुड में काम करने का है।

**दुनिया में एक जैसी शक्ल को 7 लोग होते हैं, इन एक्टर्स के भी हैं हमशक्ल**

जानकारों के मुताबिक किसी भी इंसान के दुनिया में 7 हमशक्ल होते हैं। आलिया के अलावा शाहरुख, सलामान, काजोल, करीना कपूर जैसे बॉलीवुड के कई दूसरे एक्टर-एक्ट्रेस के भी हमशक्ल हैं। फिल्म इंडस्ट्री में सितारों के हमशक्लों को स्टंट जैसा काम आसानी से मिल जाता है।



## मॉनसून में मौसमी बीमारियों से दूर रहने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए पिएं 5 तरह की चाय

चाय पीना ज्यादातर लोगों को पसंद होता है लेकिन अत्याधिक चाय का सेवन हमारे शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। इसका कारण यह है कि चाय में कैफीन और चीनी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। ये दोनों ही तत्व सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। मॉनसून सीजन में अगर आप दूध और चीनी वाली चाय पीते हैं, तो इससे आपको एसिडिटी, गैस, कब्ज, हार्ट बर्न और स्लो-मेटाबॉलिज्म की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप इस सीजन में ऐसी चाय पी सकते है, जो सेहत के लिए हेल्दी हो, साथ ही आपके मूड को भी फ्रेश करे, जैसे हर्ब्स और मसालों से बनी चाय। हर्बल चाय पीकर आप मौसमी बीमारियों से भी बच सकते हैं। बारिश के मौसम में होने वाली आम समस्याएं जैसे- खांसी, जुकाम, बुखार आदि से ये चाय आपको बचा सकती हैं। तो आइए जानते हैं सेहत के लिए कुछ फायदेमंद चाय के बारे में।

> **मॉनसून के मौसम में हम कई मौसमी बीमारियों से घिर जाते हैं। ऐसे में हमें ऐसी चाय का सेवन करना चाहिए जो हेल्दी भी हो, और इम्यूनिटी को भी बढ़ाए**

**अदरक की चाय**

ये चाय आपकी थकान को मिनटों में दूर कर देगी। अदरक हमारे मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। प्रेग्नेंट महिलाएं इस चाय से मॉर्निंग सिकनेस जैसी समस्या को भी आसानी से दूर कर सकती हैं। अदरक की चाय हमारे पाचन को भी दुरुस्त रखती है। बुखार और खांसी में इसको पीने से काफी फायदा होता है।

**दालचीनी और शहद की चाय**

दालचीनी और शहद की चाय आपके वजन को कंट्रोल रखेगी। दालचीनी में ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म रेट को बढ़ाते हैं और बॉडी फैट कम करते हैं। साथ ही दालचीनी और शहद ब्लड-प्रेशर और आपके शुगर लेवल को भी कंट्रोल रखते हैं।

**जीरा और अजवायन की चाय**

अजवाइन पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करता है। वहीं जीरे में तेजी से वजन कम करने की प्रॉपर्टीज होती हैं। आप स्वाद बढ़ाने के लिए नींबू का रस, शहद और गुड़ चाय में मिला सकते हैं।



**मसाला चाय:** कड़क मसाला चाय आपकी सुबह की शुरुआत को अच्छा कर सकती है। इसको बनाने के लिए चाय में तेजपत्ता, हरी इलायची, अदरक, काली मिर्च, लौंग और दालचीनी को मिला सकते हैं। ये चाय आपको मौसमी बीमारियों से बचाएगी। मसाला चाय से आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होगा।

**लेमन टी :** लेमन सेहत के लिए काफी लाभदायक है। लेमन को विटामिन सी और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जाना जाता है। इसे लगातार पीने से वजन भी कम हो सकता है। ये चाय शरीर को डिटॉक्स करती है और भूख को कंट्रोल करती है।

# एसयूपी को लेकर दुविधा में व्यापारी प्लास्टिक की किस थैली पर पाबंदी



नई दिल्ली। एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक पर पाबंदी को लेकर व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बरकरार है। ग्राहकों को किस तरह की थैली में सामान दें, इसे लेकर वह दुविधा में हैं। पूछने पर अधिकारी जवाब देते हैं कि बैग को जलाकर देखो, अगर जलते समय बैग से नीचे कुछ टपकेगा तो वह बैन है। ऐसा न होने की सूरत में वह ठीक है। बाकी जानकारी सरकार की वेबसाइट पर मिलेगी।

सरोजिनी नगर मिनी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने बताया कि पिछले दो दिनों से एनडीएमसी स्वास्थ्य विभाग की टीम बाजार में पहुंचकर कपड़े के थैले के प्रयोग करने पर भी नियमों का उल्लंघन बता रही है। जब उनसे पूछा जाता है कि किस तरह के थैले का इस्तेमाल करें, तो वह जलाकर देखने की नसीहत देती हैं। ऐसी स्थिति में दुकानदार दुविधा में है। अधिकारियों को यह बताने की जरूरत है कि विकल्प क्या है, ताकि 10 जुलाई से जुर्माना नहीं देना पड़े। उधर, डीएम सोनिका सिंह ने बुधवार को प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी को लेकर चर्चा की।

उन्होंने व्यापारियों को बताया कि 19 वस्तुएं प्रतिबंध की सूची जारी की गई हैं। एकल प्रयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल पर जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुलाकात के दौरान फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव यादव ने डीएम को जानकारी दी कि व्यापारियों के पास अभी कोई भी ऐसा विकल्प नहीं है जो इन वस्तुओं के प्रतिबंधित होने के बाद अपनाया जा सके। वहीं, व्यापारी इसलिए भी परेशान हैं कि उन्होंने लाखों रुपये की थैली का स्टॉक जमा कर रखा है।

# अवैध दुकानों व मकानों पर निगम की टीम ने किया ध्वस्त



**गुरुग्राम।** नगर निगम की प्रवर्तन शाखा ने मंगलवार को अशोक विहार फेज-2 स्थित आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अनधिकृत निर्माणों पर बुलडोजर चलाया। इनमें सर्विस स्टेशन, मकान और दुकानें शामिल थे। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया लेकिन पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में रही। नगर निगम की टीम ने अवैध रूप से निर्माण किए गए गोदाम, एक सर्विस स्टेशन, 5 दुकानें और 8 मकानों पर कार्रवाई की। निगम की प्रवर्तन टीम के सहायक अभियंता कृष्ण कुमार, अवर अभियंता नरेश, विनीत व अनिल सहित अन्य स्टाफ मंगलवार को मौके पर पहुंचे। अवैध निर्माण करने वालों को पहले ही नोटिस दिए गए थे और मुनादी कराई गई थी।

अवैध कब्जा करने वालों को निगम की ओर से चेतावनी दी गई है कि अगर भविष्य में फिर से अवैध निर्माण किया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने कहा है कि आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध है। निगम ने प्रतिबंधित क्षेत्र को तीन पॉकेट में बांटकर अलग-अलग अधिकारियों की टीमों को जिम्मेदारी सौंपी है। ये टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं।


# रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 ने दिया गोल्ड क्लब अवार्ड




**गाजियाबाद।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने 'उत्कृष्ट समाज सेवा कैटेगरी में गोल्ड क्लब पुरस्कार प्राप्त किया है। यह पुरस्कार रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 के डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट थैंक्सगिविंग इवेंट 'आभार (कृतज्ञता) के अवसर पर 28 जून को एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा के एक आयोजन में प्रदान किया गया। समुदाय कल्याण कार्यों के लिए क्लब की गतिविधियों में अभूतपूर्व योगदान और अथक प्रयास के लिए यह पुरस्कार दिया गया। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम की प्रभारी मीनू चंडोक ने स्कूल की ओर से पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर पर लोगों के साथ आरटीएन. अशोक अग्रवाल, जिला गवर्नर; आरटीएन. मुकेश जी. गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट चेयर और सुश्री सुहासिनी वत्स, डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट रिप्रेजेंटेटिव की भागीदारी रही।जबरन वसूली के लिए नोटिस दिया।तलाक-ए-हसन की प्रथा की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

# नोएडा एयरपोर्ट को मुंबई एक्सप्रेस से जोड़ने की तैयारी, 2414 करोड़ का बजट जारी

जेवर। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की ओर से भारतमाला परियोजना के तहत 2414 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। बल्लभगढ़ से गुजर रहे इस एक्सप्रेसवे से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए 31 किलोमीटर की सड़क (ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी) तैयार की जाएगी। इसके लिए 24 किमी हिस्सा हरियाणा और 7 किमी का हिस्सा गौतमबुद्ध नगर से होकर गुजरेगा। सड़क के तैयार होने के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से यमुना एक्सप्रेसवे भी जुड़ जाएगा। बुधवार शाम केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर भारतमाला परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर के डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास पर केएमपी लिंक से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक सड़क के निर्माण के लिए बजट जारी करने की जानकारी दी। सड़क निर्माण की अवधि दो वर्ष रखी गई है। यह आगरा, मथुरा व पश्चिमी यूपी के ट्रैफिक को भी जोड़ने का काम करेगा।



# एमएमजी अस्पताल के टीबी सेंटर में रोटरी क्लब सेफरोन व गैलोर ने किया डेस्कटॉप (रि-फर्निस्टड) कंप्यूटर व यूपीएस डोनेट









**गाजियाबाद, न्यूज।** एमएमजी अस्पताल के टीबी वार्ड में शुक्रवार को रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर व रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन ने डेस्कटॉप (रि-फर्निस्टड) कंप्यूटर व यूपीएस डोनेट किया। बतौर मुख्य अतिथि रोटेरियन पवन रस्तोगी सहायक गवर्नर जोन-21, रोटेरियन दीपा गोयल जोनल सेक्रेटरी ने शिरकत की।

उन्होंने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में डीपीपीएम दिपाली गुप्ता को डेस्कटॉप सौंपा। रोटेरियन पवन रस्तोगी ने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन लगातार इस तरह के कार्य कर रहे हैं। वहीं, जिला अस्पताल में डीटीओ डीएम सक्सेना ने कहा कि इन संस्थाओं से दूसरे एनजीओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। समय-समय पर आरएचएएम फाउंडेशन जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अभियान चलाते हैं और लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। गैलोर व सेफरोन के सहयोग से स्वाथ्य विभाग के अभियान में भी काफी मदद मिलती है। डीटीओ ने रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की खूब तारीफ की। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष मनीषा भार्गव ने कहा कि रोटरी क्लब व आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन लंबे समय से स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। वह लोगों को जरूरत के हिसाब से चीजें मुहैया कराने में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल को बढ़ावा दे रही है। टीबी वार्ड में डेस्कटॉप मिलने से मरीजों के और विभाग के काम आसानी से हो सकेंगी। यहां के रिकार्ड को भी डेस्कटॉप के माध्यम से सुरक्षित रखा जा सकेगा।

आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि पिछली पसौंडा के स्वास्थ्य केंद्र पर डेस्कटॉप डोनेट किया गया था। टीबी वार्ड में डेस्कटॉप आने से रोजमर्रा के कामकाज करने में काफी सहूलियत मिलेगी।

## इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका

कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के अलावा रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष प्रेसिडेंट रो प्रदीप कुमार गुप्ता, रोटरी क्लब आफ दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रो अशोक शर्मा ने अपना पूरा सहयोग किया। कार्यक्रम डिप्टी डीटीओ अनिल यादव, पूर्व अध्यक्ष संजय मेहरा, राघवेंद्र सिंह चौहान, निधि, रोटेरियन दयानंद शर्मा, रो सोनाक्षी बंसल, रो अपूर्व राज आदि मौजूद रहे।

## यहां भी किया था डेस्कटॉप डोनेट

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की ओर से तीन माह पहले पसौंडा के स्वास्थ्य केंद्र पर भी डेस्कटॉप डोनेट किया गया था। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ भार्गव ने बताया कि पसौंडा स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी से ग्रसित बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटने के साथ ही डेस्कटॉप भी दिया गया। इसमें रो मनीषा भार्गव, रो अपूर्व राज, सोनाक्षी बंसल ने भी मुख्य भूमिका निभाई।

# सिविल डिफेन्स ने 1500 लोगों को बांटा पुष्टाहार



साहिबाबाद। सिविल डिफेन्स गाजियाबाद द्वारा टी.बी. हारेगा-देश जीतेगा टी बी मुक्त भारत मुहिम के अंतर्गत1500 पुष्टाहार किट वितरण की श्रृंखला में 300 क्षय रोगियो को भावनात्मक एवं सामाजिक सहयोग हेतु पीएच सी पसौंडा साहिबाबाद मे पुष्टाहार किट देकर सिविल डिफेन्स के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के सौजन्य से गोद लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवतोष शंखधार ( मुख्य चिकित्सा अधिकारी) गाजियाबाद एवं डॉ. डी.एम सक्सेना ( ए सी एम ओ) के द्वारा पुष्टाहार किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कंट्रोलर अशोक गौतम, डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, एडीसी संजय गर्ग, डिविजनल वार्डन/ डिप्टी डिविजनल वार्डन ए के जैन/ ए के ठाकुर, मंजूर हसन, एम पी रेडी, नितिश कुमार सिंह, अरुण कुमार, अनिल कुमार सिंह, काजल छिब्बर, जितेन्द्र मिश्रा, विनय सिंह, नवीन सिंह, आशिक अली, रविन्द्र, जुगेन्द्र सिंह, प्रकाश, गौरव गोला, राहुल व अन्य वार्डन उपस्थित रहे।

## आईएएस-आईपीएस की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर का इंतजार

**गाजियाबाद न्यूज।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत आईएएस-आईपीएस बनने के लिए अभी तक निशुल्क कोचिंग शुरू नहीं की गई है, जिससे छात्र परेशान है। जबकि एक मई से कोचिंग शुरू की जानी थी। जिस वजह से आईएएस व आईपीएस बनने का सपना देखने वाले गरीब छात्रों का इंतजार अब और भी लंबा हो गया है। जनपद में हर वर्ग के छात्रों को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निशुल्क कोचिंग दी जानी है। यह योजना 2019 में मंडल स्तर पर शुरू हुई थी। पहला बैच भी मेरठ में ही शुरू किया गया था, जिसमें गाजियाबाद समेत मंडल के अन्य सभी जिलों के छात्र भी मेरठ ही कोचिंग लेने जाते थे। दूरी ज्यादा होने के कारण छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे। योजना के अंतर्गत गाजियाबाद में पहला बैच शुरू होना था, जिसके अंतर्गत आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगिताओं की परीक्षा की तैयारी करने के लिए निशुल्क कोचिंग दी जानी थी।

# स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**टीबीसी न्यूज।** गाजियाबाद के डी.पी.एस.जी. इंटरनेशनल स्कूल प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने, वृक्षों को न काटने तथा वातावरण को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में वन-महोत्सव के अवसर पर नगर-निगम गाजियाबाद के साथ सहयोग करते हुए श्री राम कॉलोनी डासना में सीनियर सिटीजन के लिए दादा-दादी पार्क तैयार किया गया। जिसका उद्घाटन डिप्टी जिला मजिस्ट्रेट रितु सुहास ने किया। इस मौके पर चेयरमैन डासना हज्जान हंसारी, डासना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा और राजीव त्यागी तुलसीमन मौजूद रहे। वहीं, डी.पी.एस.जी. इंटरनेशनल स्कूल की ओर से 10 विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की और वृक्षों के काटने से उत्पन्न हानियों को प्रस्तुत करते हुए लोगों से अनुरोध किया कि वेप्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझें। विद्यार्थियों के द्वारा एक मनमोहक समूहगान भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सोमा सिंह ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का पर्यावरण के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। यदि हर नागरिक अपना उत्तरदायित्व निष्ठा पूर्वक वहन करें तो वह दिन दूर नहीं कि हम अपने प्राकृतिक संसाधनों को आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रख पाएंगे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.